13 June 2025_Copy of Layout 1 6/13/2025 6:35 PM Page 1


दैनिक

# नज़रिया खबर

भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त




पेज-03


RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 344 | देहरादून, शुक्रवार 13 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### मुख्यमंत्री धामी की नई पहल

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को और मजबूत आधार देते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक अभिनव पहल की घोषणा की है। अब मुख्यमंत्री जिस भी स्थान पर दौरे पर जाएंगे या जहां रात्रि विश्राम करेंगे, वहां अनिवार्य रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी ने जिलाधिकारियों सहित सभी नगर निकायों, ग्राम पंचायतों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे इस पहल को मिशन मोड में लें और स्थानीय स्तर पर साफ–सफाई को प्राथमिकता दें। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों, युवाओं और स्वयंसेवी संगठनों से भी अपील की है कि वे इस अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लें। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को गांव–गांव, गली–गली तक पहुंचाना हमारा संकल्प है। जहां–जहां मैं जाऊंगा या रात्रि विश्राम करूंगा, वहां स्वच्छता का संकल्प लिया जाएगा। यह सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का आंदोलन है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि वे राज्य के किसी भी तहसील दिवस में अचानक पहुंच सकते हैं, ताकि प्रशासन की जमीनी कार्यप्रणाली का आकलन किया जा सके और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो।

### 900 करोड़ से ज्यादा का लोन दिया

**देहरादून।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2024–25 में अपने ग्राहकों को ट्रेडिशनल पॉलिसीज़ के जरिए 900 करोड़ रुपए से ज्यादा के लोन दिए। यह लोन अगेंस्ट पॉलिसी (पॉलिसी के बदले लोन) की सुविधा ग्राहकों के लिए बहुत फायदेमंद रही, क्योंकि इससे उनकी लॉन्ग–टर्म सेविंग प्लान पर असर डाले बिना तत्काल फंड मिल सका। इस दौरान, कंपनी ने 42,700 से ज्यादा ग्राहकों को इस लोन की सुविधा दी। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर, अमीश बैंकर ने कहा, लाइफ इंश्योरेंस एक लॉन्ग–टर्म प्रोडक्ट है, और इस दौरान ग्राहकों को कभी–कभी फंड की जरूरत पड़ सकती है।

## मुख्यमंत्री धामी ने किया जोशीमठ और गुप्तकाशी में एक्सिस बैंक की शाखाओं का वर्चुअल उद्घाटन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत के प्राइवेट सेक्टर के बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने आज उत्तराखंड के जोशीमठ और गुप्तकाशी में अपने बैंक की नई शाखाओं का उद्घाटन किया है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के मुख्य सेवक सदन से वर्चुअली इन शाखाओं का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर एक्सिस बैंक के सीनियर ऑफिशियल्स की भी मौजूदगी रही थी। कार्यक्रम में एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरीयप्रेसिडेंट और प्रमुख–उत्तर और पूर्व शाखा बैंकिंग एवं टीएएससी, रेनॉल्ड डिसूज़ाऔर देहरादून के सर्किल हेड रजितसिंगला भी उपस्थित थे।

इसके अलावा उद्घाटन समारोह में स्थानीय सरकारी अधिकारियों की भी उपस्थिति थी। गुप्तकाशी ब्रांच के उद्घाटन समारोह में केदारनाथ क्षेत्र की विधायक आशा नौटियाल उपस्थित थे। साथ ही जोशीमठ ब्रांच में नगर पालिका की अध्यक्ष देवेश्वरी शाह उपस्थित थे। एक्सिस बैंक के ग्राहक अब इन शाखाओं के जरिए एनईएफटी, आरटीजीएस और आईएमपीएस चौनलों के माध्यम से दान भी कर सकते हैं।



बैंक की शाखाओं के वर्चुअल उद्घाटन के अवसर पर सीएम।

### नई शाखाओं से चार धाम कॉरिडोर में आध्यात्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा, स्थानीय समुदायों को मिलेगा फायदा

ये बैंक शाखाएं भक्तों, टूरिस्ट, मंदिर ट्रस्ट और स्थानीय उद्यमियों जैसे व्यापारियों, होटल कारोबारियों और टूर ऑपरेटर्स की सेवा के लिए रणनीतिक रूप से उपलब्ध होगें। बैंक इन ग्राहकों की अलग–अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष बैंकिंग सेवा प्रदान करेगा, जिसके चलते सुविधाजनक नकद लेन–देन, कलेक्शन सोल्यूशन और बैंकिंग प्रोडक्ट्स तक बिना किसी रुकावट के पहुंच सुनिश्चित हो सकती है। उद्घाटन के इस अवसर पर एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी ने कहा है कि पुष्कर सिंह धामी के द्वारा उत्तराखंड में हमारी नई शाखाओं का उद्घाटन किए जाने पर हमें बहुत खुशी है।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## चलती बाइक बनी आग का गोला, सवार पति-पत्नी ने कूदकर बचाई जान

**बेरीनाग।** नया बाजार में गंगोलीहाट मोटर मार्ग पर एक पल्सर बाइक में सवार होकर पति पत्नी मुवानी से गणाई गंगोली को जा रहे थे। तभी अचानक चलती बाइक में आग लग गई। बाइक में आग लगने के बाद बाइक सवार मुवानी निवासी ललित ने बाइक रोक दी। जिसके बाद उतर कर अपनी जान बचाई। इस बीच बाइक सड़क पर गिरी तो आग गोला बनकर धू धूकर जलनी शुरू हो गई। जिसके बाद आनन फानन में स्थानीय लोगों ने हाईवे पेट्रोलिंग की टीम 112को सूचना दी। सूचना मिलते ही हाईव पेट्रोलिंग की टीम प्रभारी रवीन्द्र पांगती थानाध्यक्ष महेश जोशी सहित पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। मौक पर मौजूद व्यापारी सूरज बोरा और पुलिस कर्मियों ने सूझबूझ का परिचय देकर आधे घंटे बाद पानी और अन्य सनसाधनों से आग पर काबू पाया। आग लगने से बाइक जलकर खाक हो गई. गनीमत रही आग समय से बुझ गई नहीं तो पास में एक होटल बारात घर और वर्कशॉप सहित कई दुकानें थी। आग बुझाने में 112 हाईवे पेट्रोलिंग की टीम प्रभारी रवीन्द्र पांगती, नीरज बिष्ट, नीरज चंद, अमरीश आदि मौजूद रहे। अचानक बेरीनाग में आग का गोला बनी बाइक से लोग दहशत में आ गये।



## होटल व्यवसायी को गोली मारने के दो आरोपी गिरफ्तार, पंजाब हरियाणा के बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जनपद हरिद्वार में हरियाणा के होटल व्यवसायी पर गोली मारने की घटना का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो शूटरों को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है।

मामले में अन्य आरोपी फरार है जिनकी तलाश जारी है। इस गोलीकांड की सुपारी विदेश से दी गयी थी, जिसे पंजाबकृहरियाणा के बदमाशों द्वारा अंजाम दिया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि बीती 2 जून को थाना कोतवाली नगर पुलिस को सूचना मिली कि खडखडी सूखी नदी पुल के पास अज्ञात बाईक सवार व्यक्तियों द्वारा होटल व्यवसायी जो रोहतक हरियाणा का निवासी है, को गोली मारी गयी है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि घायल हुए होटल व्यवसायी अरुण पुत्र सत्यवान निवासी सांपला रोहतक हरियाणा है जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गयी। गोलीकांड के आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस ने लगातार दिनकृरात की कसरत के दम पर आखिरकार आरोपी मानव हंस व गौरव कुमार को खोधडा रोड जिला फगवाडा पंजाब से दबोचने में कामयाबी हासिल की। जिनसे पूछताछ में सामने आया कि पकड़े गए आरोपी मानव हंस व गौरव कुमार तथा फरार हिमांशु सूद व बॉबी तथा शम्मी खान नन्दू उर्फ कपिल सागवान गैंग के सदस्य है। नन्दू उर्फ कपिल वर्तमान मे लन्दन मे है। नंदू व मंजित महल गैंग मे आपस मे टकराव है क्योंकि मजित महल ने वर्ष 2016 मे नन्दू उर्फ कपिल सागवान के जीजा डाक्टर उर्फ सुनील की हत्या कर दी थी तब से दोनो गैंगो के बीच लगातार गैंगवार चल रहा है। मंजित महल गैंग का सदस्य गौरव उर्फ लक्की जोकि अभी वर्तमान मे झज्जर हरियाणा जेल मे बन्द है गौरव के मामा का लडका अरुण उर्फ सुखा इस केस में गौरव की कोर्ट मे पैरवी कर रहा है। इसी रंजिश के तहत नन्दू ने विदेश से अरुण की सुपारी अपने गैंग सदस्य हिमांशु सूद को दी थी। हिमांशु सूद पर पूर्व मे पंजाब मे काफी मुकदमे दर्ज है।



पकड़े गए आरोपी।

13 June 2025_Copy of Layout 1 6/13/2025 6:35 PM Page 2



# संपादकीय

## विमान हादसे के बड़े राज से उठेगा पर्दा

रिपोर्ट बताती है कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना के परिणामस्वरूप कुल 297 लोगों की जान चली गई है। विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो चुकी है, साथ ही आवासीय क्षेत्र में दुर्घटना से जुड़ी 56 अतिरिक्त मौतें भी हुई हैं। दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान के मलबे से डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) बरामद किया गया है। इस बरामदगी से जांच एजेंसियों को दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में मदद मिलने की उम्मीद है। अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद लंदन जाने वाले एयर इंडिया के बोइंग ड्रीमलाइनर का मलबा जिला अस्पताल के पास मिला है। जांच में शामिल एटीएस टीम के एक अधिकारी ने विमान में डीवीआर की खोज की, जिससे घटना की जांच में तेजी आ सकती है। रिपोर्ट बताती है कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना के परिणामस्वरूप कुल 297 लोगों की जान चली गई है। विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो चुकी है, साथ ही आवासीय क्षेत्र में दुर्घटना से जुड़ी 56 अतिरिक्त मौतें भी हुई हैं। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में ढील दी है और इस प्रक्रिया में तेजी भी लाई है। निगम ने कहा कि वह विमान दुर्घटना में प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है और पीड़ितों के लिए दावा निपटान में तेजी लाएगा। बीमा कंपनी ने एक बयान में कहा, ष्एलआईसी ने एलआईसी पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की है। मृत्यु प्रमाण पत्र के बदले, विमान दुर्घटना के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु के सरकारी रिकॉर्ड में कोई भी सबूत या केंद्रध्राज्य सरकारध्एयरलाइन अधिकारियों द्वारा भुगतान किया गया कोई भी मुआवजा मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

# शिक्षा संस्थानों में धार्मिक ग्रंथों पर केन्द्रित कार्यशाला



आलेख : सुभाष गाताडे

**क्या** सरकारी स्कूलों में धार्मिक शिक्षा दी जा सकती है? पचहत्तर साल का लम्बा समय गुजर गया, जब संविधान के संस्थापकों ने इस मामले में साफ–साफ रूख अपनाया था कि ष्सरकारी खर्चे से चलने वाले किसी भी शिक्षा संस्थान में किसी भी किस्म की धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाएगी।ष् यही वह वक्त था, जब वह नवस्वाधीन भारत के भविष्य की रूपरेखा कैसे होगी, इसका खाका वे पेश कर रहे थे।

अगर हम उन दिनो की संविधान सभा की बैठकों को देखें, तो यह बात साफ होती है कि सभा के सदस्य –– जिनका बहुलांश आस्तिक था –– इस राय के थे कि स्कूल, जिनका बुनियादी मकसद बच्चों के दिमागों को खोलना है और बेकार की सूचनाओं का कूड़ादान नहीं बनाना है, वहां किसी भी किस्म की धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाएगी। भारत के संविधान की धारा 28 के तहत इसे स्पष्ट किया गया था रू श्श्सरकारी खर्चे से चलने वाले किसी भी शिक्षा संस्थान में किसी भी किस्म की धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाएगी।'' सिवाय ऐसे मामलों के ''जहां किसी ट्रस्ट के तहत या अक्षय निधिध्एनडोनमेण्ट के तहत स्कूल का निर्माण हुआ हो, जिसके लिए जरूरी हो कि ऐसी संस्था में धार्मिक शिक्षा दी जाए।श्श (भारत के संविधान का अनुच्छेद 28).

दरअसल वह विभाजन के दौरान हुई परस्पर प्रचंड हिंसा के अपने अनुभव से इस बात को देख पा रहे थे कि धार्मिक उन्माद से प्रेरित शिक्षा किस तरह मन–मस्तिष्क को विषाक्त बना सकती है और किस किस्म का कहर बरपा सकती है और वह इस बात के लिए संकल्पबद्ध थे कि आजाद भारत का निर्माण धर्मनिरपेक्ष आधारों पर ही किया जाएगा। वैसे इस अन्तराल में गंगा, यमुना और मुल्क की तमाम नदियों से ढेर सारा पानी बह चुका है और अब लगने लगा है कि रफता–रफता ही सही संविधान के इस अहम प्रावधान को हल्का करने की कोशिश चुपचाप चल रही है और पिछले दरवाजे से सरकारी स्कूलों में धार्मिक शिक्षा के लिए रास्ता सुगम किया जा रहा है। गौरतलब है कि जिस तरह सूबा उत्तर प्रदेश में हुकूमत सम्भालने वाली योगी सरकार ने अचानक सरकारी स्कूलों में रामायण और वेदों को लेकर कार्यशालाएं चलाने का निर्णय लिया है –– जिसके पहले किसी से भी कोई सलाह–मशविरा नही किया गया –– यह सरकार के इसी रूख का परिचायक है। हमें बताया जा रहा है कि ऐसी कार्यशालाएं अयोध्या स्थित 'इंटरनेशनल रामायण एण्ड वैदिक रिसर्च इन्स्टिट्यूट' के तहत संचालित की जाएंगी और उसमें रामलीला, रामचरितमानस का पाठ, वैदिक मंत्रोच्चार, पेंटिंग और मुखौटा बनाना आदि गतिविधियां शामिल होंगी।

''कोई भी व्यक्ति जो राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त या उसके द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थान से शिक्षा ग्रहण कर रहा है, उसे उपरोक्त शिक्षा संस्थान में प्रदान की जाने वाली धार्मिक शिक्षा में सहभागी होने की आवश्यकता नहीं है या उसे ऐसे संस्थानों में संचालित की जाने वाली धार्मिक पूजा में भी शामिल होने की जरूरत नहीं है, जब तक ऐसा व्यक्ति अल्पवयस्क हो और उसके अभिभावक ने सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकारों को लेकर अपनी सहमति प्रदान की हो।''

# किताबी ज्ञान बनाम व्यवहारिक ज्ञान तुम तो पढ़े लिखे हो! हम तो ठहरे अनपढ़!



## व्यंग्य - व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान में परिपक्व व्यक्तियों द्वारा किताबी शिक्षा प्राप्त व्यक्तियों पर तानों की बौछार!

गोंदिया। सृष्टि में अनमोल बौद्धिक ज्ञान का धनी मानवीय प्राणी को जन्म से ही परिवार, समाज, मानवीय संपर्कों से व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान मिलना शुरू हो जाता है। याने जैसे जैसे मानुष बाल्य काल से बचपन और फिर युवा होता है, वैसे–वैसे व्यवहारिक ज्ञान शिक्षा के माध्यम से ऑटोमेटिक अली स्वत संज्ञान से उसकी बौद्धिक क्षमता परिपक्व होती जाती है और फिर स्कूल कॉलेज से लेकर अनेक डिग्रियों यानें किताबी ज्ञान पाकर सोने पर सुहागा की कहावत हम पूरी करते हैं। इस तरह हम देखते हैं कि, शिक्षा दो तरह की होती है। एक किताबी शिक्षा और दूसरी व्योहारिक शिक्षा। अगर किताबी शिक्षा के साथ साथ हमको व्याहारिक शिक्षा का ज्ञान नहीं है तो हम शिक्षित होते हुए भी अशिक्षित की श्रेणी में आयेंगे। और अगर हमको शिक्षा के साथ साथ व्योहारिक ज्ञान भी है तो हम शिक्षित लोगो की श्रेणी में आयेंगे।

साथियों हम आम तौर पर देखते हैं कि स्थिति बिगड़ती देख अच्छे–अच्छे व्यवहारिक ज्ञान वाले व्यक्तिभी किताबी ज्ञान वालों को कहते हैं तुम तो पढ़े लिखे हो! हम को क्या समझता है हम तो अनपढ़ हैं, बस!इसी वाक्य में वे अपनी जवाबदारी से पीछा छुड़ाकर किताबी ज्ञान वालों के ऊपर डाल देते हैं और जब स्थिति अपने पक्ष में हो रही तो कहते हैं, देखो मैंने यह किया,फिर तुम्हारी पढ़ाई लिखाई क्या काम की? इसीलिए स्थिति पक्ष में हो या विपक्ष में दोनों स्थितियों में व्यवहारिक ज्ञान के धनी की ही जीत है। इस सामाजिक स्थिति पर व्यंग्य के रूप में हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम व्यवहारिक ज्ञान और किताबी ज्ञान दोनों की जरूरत की करें तो की करें तो सच तो यह है कि हमें किताबी ज्ञान और व्यावहारिक ज्ञान दोनों की आवश्यकता है। सिर्फ किताबी ज्ञान से हम जीवन में फंस जाएँगे, खासकर तब जब हम कक्षा से बाहर निकलेंगे और सिर्फ व्यावहारिक ज्ञान से हम फंस जाएँगे क्योंकि हम सरल निर्देश नहीं पढ़ पाएँगे या सरल गणितीय समस्याएँ हल नहीं कर पाएँगे। लेकिन मेरा मानना है कि हमें किताबी ज्ञान से ज्यादा व्यावहारिक ज्ञान की जरूरत है, क्योंकि जीवन समस्याओं से भरा है और इन समस्याओं के लिए व्यावहारिक समाधान की जरूरत है, उदाहरण के लिए अगर कोई भविष्य में इंजीनियर बनना चाहता है, तो चाहे वह कितना भी पढ़े–लिखे, उसे व्यावहारिक ज्ञान नहीं होगा जब तक वह अभ्यास न करे, वह किताबें पढ़कर घर में तार नहीं लगा सकता। व्यावहारिक ज्ञान के जरिए ही थॉमस एडिसन ने कई बार असफल होने के बाद आखिरकार एक लाइट बल्ब का आविष्कार किया था। इसकी तुलना उस व्यक्ति से की जा सकती है जो साल भर नौकरी के लिए प्रार्थना करता है लेकिन आवेदन नहीं करता या नौकरी की तलाश में नहीं जाता।

दुनिया को व्यावहारिक ज्ञान की आवश्यकता है क्योंकि यह वह ज्ञान है जो हमें बताएगा कि देश में भुखमरी को कैसे कम किया जाए, सड़क पर दुर्घटनाओं की संख्या को कैसे कम किया जाए, किसी घातक बीमारी को फैलने से कैसे रोका जाए आदि, इसलिए व्यावहारिक ज्ञान का हमारे जीवन में अधिक प्रभाव पड़ता है। साथियों बात अगर हम किताबी ज्ञान की करें तो, परिभाषा के अनुसार जिसने किताबी ज्ञान अर्जित किया हो और स्कूल कॉलेज की परीक्षाओं को पास करके डिग्री हासिल की हो वो शिक्षित है, और जिसे अक्षर ज्ञान ना हो, वो किताबी अनपढ़ ।पर क्या शिक्षा का अर्थ सिर्फ केवल किताबी ज्ञान अर्जित करना ही है? एक शिक्षित इंसान के द्वारा फेंका हुआ कचरा,अगर सुबह एक किताबी अशिक्षित इंसान (सफाई कर्मचारी) उठाता है ।ऐसे में किसे शिक्षित कहना चाहिए सफाई कर्मचारी को या कचरा फेंकने वाले को? आजकल की शिक्षा ऐसे ही रट्टा फिकेसन की शिक्षा होती जा रही है।

साथियों शायद इसीलिये किताबी पढ़े–लिखे अनपढ़ों की संख्या बढ़ती जा रही है ।पिछले कुछ दशकों में शिक्षा का स्तर काफी बढ़ गया है पर शिक्षा की वैल्यू खत्म होती जा रही है। ध्यान दे तो याद आता है जहाँ कुछ साल पहले ग्रेजुएशन ही काफी था, आज पोस्ट ग्रेजुएशन,क्या पीएचडी की भी कोई वैल्यू नहीं है। तकनीकी शिक्षा पर जोर है। तकनीकी शिक्षा गलत नहीं है पर सिर्फ तकनीकी शिक्षा से काम नहीं चलेगा। साथियों बात अगर हम किताबी शिक्षित और किताबी अनपढ़ व्यक्तियों की करें तो, बहुत अंतर है। किताबीअनपढ़ आदमी केलकुलेटर चलाना नहीं जानता सारा हिसाब किताब उंगलियों से करना पड़ता है पढ़ा–लिखा आदमी विना केलकुलेटर के चार में से दो घटाने के लिए भी अपनी उंगली नहीं घिसता। किताबी अनपढ़ व्यक्ति के पास अपने अनुभव के अतिरिक्त कुछ नहीं होता जबकि पढ़ा–लिखा व्यक्ति और के अनुभव भी उपयोग में ले आता है। किताबी अनपढ़ व्यक्ति अधिक प्रेक्टिकल होता है शिक्षित व्यक्ति इतनानही होता ।कहीं बाहर जाने पर पढ़ा–लिखा व्यक्ति आसानी से पता ढूढ लेता है जबकि किताबी अनपढ को परेशानी होती है ।एक युग था जब समाज में किताबी अनपढ बहुत थे तो उनका कामकाज भी उसी तरह चलता था ।आज किताबी अनपढ़ व्यक्ति को हर तरह की परेशानी उठानी पड़ती है। उसे पढ़े–लिखे लोगों पर आश्रित रहना पड़ता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि, शिक्षा ऐसी होनी चाहिये जो हमारे मानवीय गुणों को भी विकसित करें। हमें संवेदनशील, सहनशील और व्यवहारिक के साथ–साथ देश और समाज के प्रति जागरूक भी बनाएं। जैसे प्राचीन काल में गुरुकुल में होती थी ।जहाँ ना सिर्फ पुस्तक ज्ञान सिखाते थे बल्कि आध्यात्मिक, सामाजिक, व्यवहारिक और शस्त्र ज्ञान भी शिक्षा के साथ–साथ ही सिखाया जाता था। अगर अच्छी किताबी शिक्षा या व्यवहारिक शिक्षा होने के बावजूद भी हम दकियानुसी सोच रखते हैं ।अपने घर को साफ रखते हैं,पर सड़क पर कचरा करते है ।दूसरो की पर्सनल लाईफ पर कमेंट करते हैं तो हमारे शिक्षित होने का क्या अर्थ है?

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# जनजीवन में सकारात्मक बदलाव लाना सिविल सेवकों का मूल उद्देश्य होना चाहिएः लोकसभा अध्यक्ष

**मसूरी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना ही सिविल सेवकों का मार्गदर्शक उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे शासन में नवाचार और पारदर्शिता को प्रभावी उपकरण के रूप में अपनाएं, ताकि समाज की बेहतरी सुनिश्चित हो सके और आमजन की अपेक्षाओं की पूर्ति की जा सके।



कार्यक्रम को संबोधित करते लोकसभा अध्यक्ष।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए), मसूरी में 127वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि विशेषकर वंचित और हाशिए पर खड़े लोग प्रशासन से आशा रखते हैं और अधिकारियों का दायित्व है कि वे करुणा, निष्पक्षता और कर्तव्यबोध के साथ उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरें। श्री बिरला ने एलबीएसएनएए को लोकतांत्रिक मूल्यों, सादगी और ईमानदारी का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह संस्था राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को ष्कर्मयोगीष् संबोधित करते हुए उनसे आग्रह किया कि वे देश की प्रगति और जनकल्याण के लिए सक्रिय और संवेदनशील भूमिका निभाएं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र के तीन प्रमुख स्तंभों में कार्यपालिका की भूमिका बेहद अहम है। नीतियों के निर्माण के बाद उन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन, सादगी और विचार आज भी लोकसेवकों को प्रेरित करते हैं। भारत की विविधता का उल्लेख करते हुए भाषाई, सांस्कृतिक, भौगोलिक और सामाजिक उन्होंने कहा कि देश ने इन विविधताओं के बावजूद सामूहिक भागीदारी पर आधारित एक मजबूत लोकतांत्रिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था विकसित की है, जो विश्व भर में एक उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों का दायित्व केवल नीतियों का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि समाज के सबसे कमजोर तबकों के जीवन में ठोस और सकारात्मक बदलाव लाना भी है। एक संवेदनशील और सहानुभूति से परिपूर्ण अधिकारी समाज की मानसिकता, व्यवहार और स्थानीय प्रशासन में गहरा परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे स्वयं को केवल योजनाओं के क्रियान्वयनकर्ता न समझें, बल्कि वे समाज में बदलाव लाने वाले प्रतिनिधि बनें, जो विशेषकर आपदा या संकट की घड़ी में जनता की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाएं।

## मुख्यमंत्री ने दी विभिन्न विकास योजनाओं को वित्तीय स्वीकृति

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद बागेश्वर के विधानसभा कपकोट में शिखर मूल नारायण परिसर, अलखनाथ मंदिर किलपारा, भनार बज्यैण, कांडा सिमकुना घटवरिया, शिव मंदिर सुन्दर गुफा कांडा बज्यैण मंदिर ढाई ईजर, नन्दा देवी मंदिर दोफाड को पर्यटन के रूप विकसित किये जाने हेतु 11.988 लाख, जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर में गांधी इण्टर कालेज पनुआनौला अशासकीय विद्यालय में 04 कक्षों के निर्माण किये जाने हेतु 99.95 लाख, जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र मसूरी के अन्तर्गत विलासपुर काडली स्थित 11 जी०आर०आर०सी० जूनियर हाईस्कूल के विद्यालय भवन के निर्माण किये जाने हेतु 54.68 लाख, विधान सभा क्षेत्र धर्मपुर की सुभाषनगर भारूवाला ग्रान्ट पेयजल योजना के लिए 2748.25 लाख तथा जनपद उधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में 300 नग इण्डिया मार्क–प्प हैण्डपम्प कार्य हेतु रू0 499.65 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

## सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सिर्फ पात्र लाभार्थियों को ही

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बसंल ने जिले में अपात्र राशन एवं आष्युमान कार्ड पर जिला प्रशासन शिकंजा कसने जा रहा है, जिसके लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिलाधिकारी मुख्य चिकित्साधिकारी को जिले में आयुष्मान कार्ड की सत्यापन रिपोर्ट 15 दिन के भीतर तलब की है।

वहीं जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया है कि वे समस्त राशन कार्ड धारकों का विवरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे। जिलाधिकारी ने कार्ड बनने पर शिकंजा कसने जा रहा है। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि टीम गठित कर घर–घर जाकर सत्यापन करें। डीएम ने राशन कार्ड के लिए आवेदन करने वालों के घर जाकर उनकी आर्थिक स्थिति का करने तथा जो नियमों के दायरे में आएंगे, सिर्फ उन्हीं के राशन कार्ड बनाए जाएं। जिलाधिकारी को विभिन्न माध्यमों से जिले में अपात्र लोगों के राशन कार्ड होने और उसके आधार पर आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की शिकायतें मिली थी। मा0 मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश हैं कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सिर्फ पात्र लोगों को ही दिया जाए। जनपद में कुल 387954 राशन कार्ड है, अंत्योदय अन्न योजना के 37312, प्राथमिक परिवार 219827, उत्तराखण्ड राज्य खाद्य योजना 130815 राशन कार्ड हैं, जिनमें कुल 35393 ही सत्यापित हैं तथा 1445 कार्ड निरस्त किए गए हैं।

## बदरीनाथ धाम दर्शन को पहुंची विधायक आशा नौटियाल

**बदरीनाथ / ज्योतिर्मठ (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने पारिवारिक जनों के साथ भगवान श्री बदरीविशाल के दर्शन किये। इसके आज बाद शायंकाल को केदारनाथ विधायक श्री नृसिंह मंदिर ज्योर्तमठ दर्शन को पहुंची जहां श्री बदरीनाथ –केदारनाथ मंदिर समिति ( बीकेटीसी) उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती ने केदारनाथ विधायक का स्वागत किया तथा भगवान नारायण श्री नृसिंह बदरी का प्रसाद भेंट किया।



केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल बदरीनाथ धाम में।

इससे पहले श्री बदरीनाथ धाम में बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने केदारनाथ विधायक को भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर बदरीनाथ धाम प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल,मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, ईओ नगर पंचायत सुनील पुरोहित,वेदपाठी रविंद्र भट्ट थाना प्रभारी नवनीत भंडारी,प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप भट्ट, जगमोहन बर्त्वाल, संतोष तिवारी, बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़, संदेश मेहता, अजीत भंडारी,योगंबर नेगी, सहायक मीडिया प्रभारी विकास सनवाल आदि मौजूद रहे। मंदिरों में दर्शन के पश्चात केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने मंदिर समिति की यात्रा व्यवस्थाओं की सराहना की कहा कि प्रदेश सरकार तीर्थयात्रियों की सेवा में तत्पर है। जोशीमठ में इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चौहान, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विजेंद्र बिष्ट, श्री नृसिंह मंदिर प्रभारी संदीप कपरवाण, प्रबंधक भूपेंद्र राणा, श्री नृसिंह मंदिर पुजारी सुशील डिमरी आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का टीकाकरण पर फोकस, 2026 तक उत्तराखंड बनेगा एम.आर. फ्री राज्य

**स्वास्थ्य विभाग की राज्य टास्क फोर्स बैठक में बनी ठोस रणनीति, जुलाई से चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान**

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में खसरा और रूबेला जैसी अत्यधिक संक्रामक बीमारियों के उन्मूलन तथा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से आज राज्य टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड के सभागार में सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता स्वाति एस. भदौरिया, मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखंड ने की। बैठक में वर्ष 2026 तक उत्तराखंड को खसरा–रूबेला मुक्त बनाने की दिशा में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। मिशन निदेशक ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार इस लक्ष्य को समय पर प्राप्त करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

बैठक में जिन प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई उनमें सर्विलांस के माध्यम से खसरा व रूबेला के मामलों की सक्रिय पहचान, प्रयोगशाला से पुष्टि एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग सुनिश्चित करना। प्रकोप की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र को सुदृढ़ करना। पोर्टल के माध्यम से टीकाकरण सत्रों की डिजिटल मॉनिटरिंग और विश्लेषण। जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से समुदायों को टीकाकरण के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाना।

स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि खसरा और रूबेला दोनों ही संक्रामक वायरल बीमारियां हैं, जो विशेषकर बच्चों को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। ये बीमारियां निमोनिया, मस्तिष्क ज्वर, अंधत्व और यहाँ तक कि मृत्यु का भी कारण बन सकती हैं। गर्भवती महिलाओं में ये भ्रूण विकृति और गर्भपात जैसी जटिलताओं को जन्म देती हैं। इसलिए इनका उन्मूलन वैश्विक जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उत्तराखंड में इस दिशा में 95 प्रतिशत या उससे अधिक टीकाकरण कवरेज का लक्ष्य रखा गया है, जिससे सामुदायिक प्रतिरक्षा विकसित की जा सके।

मिशन निदेशक ने जानकारी दी कि जुलाई 2025 से अगले तीन महीनों तक पूरे प्रदेश में विशेष एम.आर. टीकाकरण सप्ताह आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों की निगरानी यूडब्ल्यूआईएन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। यदि किसी कारणवश कोई टीकाकरण सत्र आयोजित नहीं हो पाता है, तो उसके पीछे के कारणों की समीक्षा की जाएगी और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

बैठक में सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और जिला प्रतिरक्षण अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र में टीकाकरण सत्रों की नियमित समीक्षा, जन–जागरूकता गतिविधियों और सत्र आयोजन पर विशेष ध्यान दें। राज्यभर के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था पहुंचे कैंची धाम, स्थापना दिवस मेले की तैयारियों का किया निरीक्षण

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कैंची धाम स्थापना दिवस मेले की सुरक्षा, यातायात एवं व्यवस्थाओं की तैयारियों के क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) वी. मुरुगेशन द्वारा कैंची धाम क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संपूर्ण आयोजन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, निगरानी व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े बिंदुओं की बारीकी से समीक्षा की। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊँ परिक्षेत्र रिधिम अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

एडीजी ने सर्वप्रथम कैंची धाम मंदिर पहुंचकर बाबा नीम करौली महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात मंदिर परिसर, प्रमुख मार्गों, पार्किंग स्थलों एवं संभावित भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का आकलन किया।



एडीजी बैठक लेते हुए।

निरीक्षण उपरांत सरदार पटेल भवन, भवाली में आयोजित समीक्षा गोष्ठी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल द्वारा अब तक की गई तैयारियों का प्रस्तुतीकरण दिया गया। समीक्षा के दौरान एडीजी द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु मंदिर समिति एवं आयोजकों के साथ समन्वय बैठक कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या के अनुसार मंदिर में प्रवेश और निकासी प्रबंधित हो। वालंटियर्स की तैनाती से भीड़ प्रबंधन में सहयोग लिया जाए। ड्यूटी नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर उसमें जिम्मेदार अधिकारी तैनात हों। ड्रोन की सहायता से 24•7 रीयल–टाइम निगरानी की व्यवस्था हो। सोशल मीडिया निगरानी सेल सक्रिय रहे और अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल फैक्ट चेक व विधिक कार्यवाही हो। क्षेत्र को जोन एवं सेक्टरों में विभाजित कर सुरक्षा आदि बलों की सुनियोजित तैनाती सुनिश्चित हो। सभी पुलिसकर्मियों की समय से ब्रीफिंग की जाय। सादे वस्त्रों में महिला व पुरुष पुलिसकर्मी भीड़ में तैनात किए जाएं।

संदिग्ध वस्तुओं की लगातार जांच की जाए। रूट डायवर्जन प्लान बनाकर उसका प्रचार–प्रसार सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से किया जाए। शटल सेवा का व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित किया जाए। पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त बल की तैनाती हो। मंदिर, पार्किंग व अन्य स्थलों पर प्रवेश व निकासी के द्वार अलग–अलग चिन्हित किए जाएं। दर्शनार्थियों की संख्या का लगातार आकलन कर प्रवेश की अनुमति दी जाए। आवश्यक सूचना जैसे रूट प्लान, पार्किंग व्यवस्था, प्रसाद वितरण आदि से संबंधित फ्लेक्स बोर्ड प्रमुख स्थलों पर लगाए जाएं।

## राजस्व उप निरीक्षकों के तबादले

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में राजस्व विभाग के तहत कार्यरत लेखपालों और पटवारियों के तबादले किए गए हैं। यह स्थानांतरण राजस्व परिषद के के तहत स्वीकृत प्राधिकरण के आदेश पर किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जारी सूची में कुल 22 राजस्व उप निरीक्षकों (लेखपाल/पटवारी) को एक तहसील से दूसरी तहसील में भेजा गया है।

जिन राजस्व उपनिरीक्षकों के तबादले हुए है उनमें अमित कुमार को विकासनगर से ऋषिकेश, अजय कुमार को विकासनगर से देहरादून, अफजल कुरैशी को देहरादून से डोईवाला, मनोज टाकुली को ऋषिकेश से डोईवाला, राजकुमार वर्मा को विकासनगर से देहरादून, कुंदन गोसाई को देहरादून से ऋषिकेश, चंद्रप्रकाश को देहरादून से डोईवाला, विक्रम सिंह को डोईवाला से ऋषिकेश, सुरेन्द्र सिंह रावत को ऋषिकेश से विकासनगर व रियाज अहमद को ऋषिकेश से देहरादून भेजा गया है।

# उत्तराखंड खाद्य संरक्षा एंव औषधि प्रशासन विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए खाद्य संरक्षा एंव औषधि प्रशासन विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस फेरबदल के तहत प्रदेशभर में तैनात अभिहित अधिकारियों के बंपर तबादले किए गए हैं।

शासन की ओर से जारी आदेश में कुल नौ अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी तत्काल प्रभाव से अपने नवीन तैनाती स्थल पर योगदान सुनिश्चित करें। पी.सी. जोशी को अल्मोड़ा से पौड़ी भेजा गया है। अमिताभ जोशी को चमोली से बागेश्वर स्थानांतरित किया गया है। ललित मोहन पांडे का तबादला बागेश्वर से उधम सिंह नगर किया गया है। प्रकाश चंद्र फुलारा अब उधम सिंह नगर से अल्मोड़ा में सेवाएं देंगे। मनोज कुमार सिंह का स्थानांतरण रुद्रप्रयाग से चमोली किया गया है। अजब सिंह रावत अब पौड़ी से रुद्रप्रयाग में कार्यभार संभालेंगे। महिमा आनंद जोशी को हरिद्वार से नैनीताल स्थानांतरित किया गया है। पवन कुमार का तबादला जसपुर (उधम सिंह नगर) से भगवानपुर (हरिद्वार) किया गया है। आयुक्त खाद्य संरक्षा एंव औषधि प्रशासन विभाग डॉ. आर. राजेश कुमार का बयान प्रदेश में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता व दक्षता को सुनिश्चित करने के लिए यह प्रशासनिक फेरबदल आवश्यक था।

# कैंची धाम में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए समुचित प्रबंधन के मुख्यमंत्री धामी ने दिए निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान कैंचीधाम मेले की व्यापकता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तात्कालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि तात्कालिक उपायों से मेले के वर्तमान संचालन को बेहतर बनाया जाए, वहीं मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं के माध्यम से स्थायी एवं सुदृढ़ प्रबंधन प्रणाली विकसित की जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सेनेटोरियम से भवाली पेट्रोल पंप से आगे तक लगभग 3 किलोमीटर मार्ग



पर हो रही कटिंग कार्य को युद्धस्तर पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए, ताकि यातायात व्यवस्था को और बेहतर किया जा सके।

जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह ने जानकारी दी है कि प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कैंची धाम मेले में श्रद्धालुओं की संख्या प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ रही है। एक साल में लगभग 24 लाख श्रद्धालुओं ने कैंची धाम में दर्शन किए, जबकि पूर्व वर्षों में यह संख्या औसतन 8 लाख के आसपास रही थी। इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में और अधिक वृद्धि की संभावना है। जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह ने बताया कि कैंची धाम की धारण क्षमता कम है, जबकि मेले के दौरान क्षमता से अधिक कई गुना श्रद्धालु आते है। इस वर्ष 2.5 लाख से 03 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जिससे ट्रैफिक प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण के लिए व्यवस्थित प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने भविष्य में कैंची धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण व्यवस्था लागू करने एवं अधिकतम सीमा निर्धारित करने का सुझाव दिया, जिससे यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम बनाया जा सके।

# शहरी मोहल्लों में रहस्यमय कारकों से पिछले कई वर्षो से नही खोली जा रही थी नई सस्ता गल्ला दुकानें

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बसंल जिला पूर्ति कार्यालय में सरकारी सस्ते गल्ले की नई दुकानों के लिए प्रस्तावित दबी फाइल को निकालते हुए टैण्डर प्रक्रिया जारी कर दी है।

जनमानस को भीड़ में लगकर एक ही दुकान से राशन लेने को मजबूर थे, जिलाधिकारी नई सस्ता गल्ला की राशन दुकानों के लिए टेण्डर करने के निर्देश दिए। विभिन्न नगर निगमध्नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत नई सरकारी सस्ता गल्ले की दुकानों के आंवटन हेतु पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये है। 07



मई से 27 मई तक आवेदन आमंत्रित किए थे जिसे विस्तारित करते हुए अंतिम तिथि 15 जून 2025 कर दी गई है। जिले के नगर निगम, नगर पालिका परिषद क्षेत्र अन्तर्गत नई राशन की दुकानों के लिए परिसीमन क्षेत्र देहरादून अन्तर्गत दीपनगर चकशाहनगर डिफेंस कालोनी, करागीध्देहराखासधविद्या विहार, बंजारावालाध्मुस्लिम बस्ती, ब्रहमणवालाध्संस्कृतिलोक कालोनी, ब्रह्मपुरी। क्षेत्र मियांवाला अन्तर्गत नत्थुवाला, बालावाला, डालनवाला अन्तर्गत बारीघाट कैनाल रोड, दून विहार जाखन, नगर निगम ऋषिकेश अन्तर्गत अम्बेडकर चौक, अद्वैतानन्द मार्ग, मुखर्जी चौक, आईडीपीएल, इन्द्रानगर, आशुतोष नगर, क्लेमेंटाउन अन्तर्गत लक्खीबागध्मुस्लिम कालोनी, भारूवालाध्इन्दरपुरी फार्म डिकोटा, भण्डारीबाग, कनाटप्लेस अन्तर्गत चुक्खुवाला, नगर पालिका मसूरी अन्तर्गत बर्लोगंज, रायपुर अन्तर्गत हरबंशवाला, महेश्वरी विहार, जैन प्लाट, नेहरूग्राम, डांडा लखौण्ड, प्रेमनगर अन्तर्गत शान्ति विहार गोविन्दगढ, विजयपार्क तथा सहसपुर अन्तर्गत चोयला चन्द्रबनी में स्थल प्रस्तावित हैं। इसके अतिरिक्त जनपद में कुल 387954 राशन कार्ड है, अंत्योदय अन्न योजना के 37312, प्राथमिक परिवार 219827, उत्तराखण्ड राज्य खाद्य योजना 130815 राशन कार्ड हैं, जिनमें कुल 35393 ही सत्यापित हैं तथा 1445 कार्ड निरस्त किए गए हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को टीमे गठित कर जिले में समस्त श्रेणी के राशन कार्ड का सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं।

13 June 2025_Copy of Layout 1 6/13/2025 6:35 PM Page 5



# उपाध्यक्ष सिंचाई सलाहकार चार दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय गोपेश्वर पहुंचे

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उपाध्यक्ष सिंचाई सलाहकार समिति उत्तराखंड सरकार ऋषि कंडवाल चार दिवसीय जनपद चमोली भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय गोपेश्वर पहुंचे।

जिला मुख्यालय गोपेश्वर पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चा पूर्व जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह बिष्ट ने ज्ञापन देकर कहा कि जिला मुख्यालय गोपेश्वर भू धंशाव एवं भूकटाव की जद से जूझ रहा है। 2003 से 2005 तक गोपेश्वर शहर के जल निकास हेतु सात नालों का निर्माण किया गया था। वर्तमान समय में नगर में बसावट विस्तार एवं पूर्व में निर्मित जल निकास नालों की मरमत ना होने के कारण नलों से गंदे पानी का रिसाव होकर लोगों के घरों में जा रहा है वही अनेक स्थानों पर भू कटाव एवं भू धंशाव के



कारण स्थानीय लोगों (पापड़ियाण, बैतरणी, बंज्याणी, पाडुली, कोठियाल सैण, बुराली,ग्वीलो) को बहुत परेशानी हो रही है और बरसात के दिन नजदीक आने के कारण भारी वर्षा में बड़ी आपदा को न्योता दे सकता है। इस पर राज्य मंत्री ऋषि कंडवाल ने कोठियालसैण स्थित सिंचाई विभाग के कार्यालय में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता है। योजनाओं के निर्माण कार्यों में गुणवत्तापरक एवं समय से पूर्ण हों इस पर बल दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के निर्माण के लिए सरकार के पास धनराशि की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं प्रत्येक विकासखंड पर जाकर योजनाओं का निरीक्षण करूंगा यह मेरी पहली प्राथमिकता होगी। तत्पश्चात पश्चात उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ जिला मुख्यालय गोपेश्वर के सभी नालों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिन–जिन स्थानों पर भूकटाव एवं भू धंशाव हो रहा है उनका स्थल निरीक्षण किया और विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईआईटी रुड़की को तत्काल प्रभाव से पूरे गोपेश्वर शहर के जल निकास की गहन तरीके से सर्वे किया जाए, और उसके आधार पर विस्तृत आंगणन गठित कर सरकार को पेश किया जाय। उन्होंने यह भी कहा है कि गोपेश्वर एक ऐतिहासिक शहर है इसके बचाव एवं विकास के लिए सरकार पर्याप्त धनराशि देगी।

इस अवसर पर अधिसाशी अभियंता अरविंद सिंह नेगी, सहायक अभियंता मनोज सिंह, हरेन्द्र सिह, शिकंदर कुमार, अमित घिडियाल, धीरज कुमार, अवर अभियंता मनीष सिंह, ओम प्रकाश, श्रीमती रश्मि, श्रीमती दिव्या, देवेश कठैत, रविन्द्र सिंह नेगी, पूर्व जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह बिष्ट, मंनदीप फर्स्वाण, गजेन्द्र अशवाल , ई०आनन्द कुमार ध्यानी, पीआरओ बनवारी सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।

## पांच बांग्लादेशी किए बंग्लादेशी एजेन्सी के सुपुर्द

**देहरादून।** पटेलनगर क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने बीएसएफ के साथ मिलकर बांग्लादेशी एजेंसियों को सौंप दिया है। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे सत्यापन अभियान के दौरान पूर्व में पटेलनगर क्षेत्र से पुलिस और एसटीएफ, उत्तराखण्ड की संयुक्त कार्यवाही में 5 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गये थे, जो अवैध रूप से यहां निवास कर रहे थे।

विदित हो कि बीते 20–21 मई को सत्यापन अभियान के दौरान पुलिस व एसटीएफ, उत्तराखण्ड द्वारा संयुक्त कार्रवाई के दौरान थाना पटेलनगर क्षेत्र से पांच(चार महिला एक पुरुष) संदिग्ध बांग्लादेशी निवासियों को हिरासत में लिया गया था, जिनसे संयुक्त सघन पूछताछ के दौरान उक्त पांचो व्यक्तियों के बांग्लादेशी नागरिक होने के पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होने पर पांचो बांग्लादेशी नागरिकों को भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस द्वारा नियमानुसार उदवासित करने की करवाई की जा रही थी।

## लालकुआं एवं बिंदुखत्ता के पांच मेडिकल स्टोर में ड्रग विभाग ने की छापेमारी

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** औषधि विभाग की टीम ने लालकुआं और बिन्दुखत्ता के कई मेडिकल स्टोरों में छापेमारी की, जिसमें पांच मेडिकल स्टोर संचालकों को 5 दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। जबकि अन्य मेडिकल स्टोर संचालक छापेमारी को देखते हुए अपने मेडिकल स्टोर बंद करके गायब हो गए।

आज ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी बिष्ट ने टीम के साथ लालकुआं कोतवाली चौराहा एवं गौला रोड रेलवे क्रॉसिंग के समीप स्थित मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की। जहां छापेमारी के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक दवा खरीद फरोख्त सहित अन्य अभिलेख नहीं दिखा सकें। इसके अलावा अन्य मेडिकल स्टोर में भी आय–व्यय का स्पष्ट ब्यौरा उपलब्ध नहीं था, औषधि विभाग की इस कार्रवाई से मेडिकल स्टोरों में हड़कंप मच गया। कुछ मेडिकल स्टोर स्वामी दुकान बंद कर गायब हो गए।

इधर ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी बिष्ट ने बताया कि आज ड्रग विभाग की टीम ने लालकुआं नगर के 4 मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की है। साथ ही एक कार रोड बिंदुखत्ता के मेडिकल स्टोर में छापेमारी की, जहां टीम को मेडिकल स्टोरों पर दवाई की खरीद फरोख्त के अलावा अन्य अनियमिताएं मिली है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई में एक मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति के अलावा अन्य मेडिकल स्टोरों से भी 5 दिन के भीतर कार्यालय में आकर स्पष्टीकरण मांगा है।

## वन विभाग ने 400 कुंतल से अधिक अवैध रेता से भरा डंपर पकड़ा

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** वन विभाग के गश्ती दल ने बिन्दुखत्ता–देवरामपुर गौला नदी के समीप 400 कुंतल से अधिक रेता ला रहे हाईवा डंपर को पकड़ कर जप्त कर दिया।

वन क्षेत्राधिकारी गौला चंदन सिंह अधिकारी के अनुसार रात्रि लगभग 12रू45 बजे रात्रि गश्त के दौरान वन कर्मियों को ट्राली लाइन लालकुआं के पास एक हाईवा डंफर आता दिखाई दिया, वाहन को जाँच के लिए रोकने पर वाहन चालक ने वाहन को देवरामपुर की तरफ तेज गति से भगा दिया, टीम द्वारा उक्त वाहन का पीछा करने पर लगभग एक किलोमीटर दूर वाहन को पकड़ने पर वाहन चालक वाहन को सागर स्टोन क्रेशर देवरामपुर के पास सड़क किनारे खड़ा कर अँधेरे का फायदा उठाकर फरार



अवैध खनन से लदे हाइवा डंपर के साथ वन विभाग का गश्ती दल।

हो गया, वाहन संख्या यूके 04 सीए–8554 की तलाशी लेने पर वाहन में लगभग 400 कुंतल उपखनिज (रेता) लदा पाया गया, वाहन में उपखनिज निकासी से संबंधित कोई भी प्रपत्र नहीं मिले. वाहन को अपने कब्जे में लेकर वन कर्मियों ने उसे जू परिसर गौलापार हल्द्वानी में सुरक्षित खड़ा करवा दिया, मामले में वाहन स्वामी ध्वालक के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया उक्त अवैध खनन से लगे वहां को पकड़ने वाली वन कर्मियों की टीम में

उप वन क्षेत्राधिकारी डिगर राम, वन दरोगा दीप चन्द्र आर्या, हेम चन्द्र जोशी, वन बीट अधिकारी भुवन चन्द्र तिवारी, देवेन्द्र मेहरा, भुवन सिंह, ललित द्विवेदी, दीपक पंतोला, हयात सिंह और आनन्द सिंह शामिल रहे।

## अपर सचिव ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने से पूर्व लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के मद्देनजर, अपर सचिव विजय कुमार जोगदण्डे की अध्यक्षता में विधानसभा भराड़ीसैण में जनपद चमोली के सभी अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अपर सचिव ने अधिकारियों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा,



जिसमें 10 देशों के राजदूत प्रतिभाग करेंगे साथ ही सभी सरकारी कार्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों को सक्रिय रूप से शामिल किया जाएगा।

इस अवसर पर उन्होंने योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति, आवश्यक सामग्री की उपलब्धता और प्रचार–प्रसार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भराड़ीसैंण में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न देशों के राजदूतों के साथ आम जनमानस के द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा।

कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर बैठक लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को 19 जून तक सारी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। बरसात के मौसम को देखते हुए जर्मन हेंगर की व्यवस्था करने, साउंड सिस्टम और लाइटिंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी कार्यक्रम समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न हों। उन्होंने कहा कि योग दिवस के आयोजन से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होगा, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा मिलेगा।

बैठक में जिलाधिकारी संदीप तिवारी , अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, उप जिलाधिकारी सोहन सिंह रांगण, पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार , मुख्य चिकित्सा अधिकारी अभिषेक गुप्ता और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्र में हमारी सरकार के 11 वर्ष देश को गौरांवित वाले वर्ष रहे हैं : तीरथ सिंह रावत

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व सांसद तीरथ सिंह रावत ने आज गोपेश्वर नगर पालिका सभागार में केंद्र में मोदी सरकार के सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर पत्रकार वार्ता की।

तीरथ सिंह रावत ने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार के 11 वर्ष देश को गौरांवित वाले वर्ष रहे हैं। इन 11 वर्षों में देश आत्मनिर्भर के क्षेत्र में आगे बढ़ा, देश में इंफ्रास्ट्रक्चर का कार्य तेजी से आगे बढ़ा, सेनाओं को आधुनिक किया गया। पूरी दुनिया का भारत के प्रति दृष्टिकोण बदला देश के अंदर और बाहर रहने वाले देश के नागरिकों का विश्वास और आशा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की हर योजना के केंद्र में जनकल्याण और आम नागरिक के जीवन को आसान करने के साथ साथ देश को वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भावना रही है। देश में पहलगांव जैसे



दुर्दांत घटना हुई हर देशवासी इस घटना से स्तब्ध और दुखी था सरकार ने सेना को पहलगांव घटना का बदला लेने की खुली छूट दी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों और पाकिस्तान के एयरबेस ध्वस्त किए। रक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी तकनीकी से देश की सेना को मजबूत किया आज भारत आत्म निर्भर रक्षा शक्ति के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार देश में हर संकट में आम लोगों के साथ खड़ी हुई बल्कि हर एक एक देश वासियों की चिंता की। आज देश विश्व पटल पर अग्रिम पंक्ति पर खड़ा है हम विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की और अग्रसर हैं। सरकार ने हर क्षेत्र को तकनीकी से जोड़कर देशवासियों की जिंदगी को आसान बनाया है चाहे स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो चाहे शिक्षा के क्षेत्र में चाहे बैंकिंग क्षेत में हो या कृषि क्षेत्र में आज देशवासी घर बैठे हर एक जानकारियां सुविधाएं ले रहे हैं। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि हमने इन 11 वर्षों में देश की मातृशक्ति के हाथों को मजबूत किया। महिला समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को न सिर्फ मुख्य धारा से जोड़ा बल्कि समूहों के माध्यम से देश की मातृशक्ति को रोजगार से जोड़कर मातृ शक्ति ने आत्मनिर्भर की तरफ अपने कदम बढ़ाए। सरकार की स्टार्टअप इंडिया योजना ने भारत को दुनियां का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बनाया है। सरकार ने हर एक देश वासियों के स्वास्थ्य की चिंता के साथ ही यह सुनिश्चित किया कि हर देश वासियों को इलाज मिले उसके तहत आयुष्मान योजना लाकर 5 लाख तक का इलाज हर जरूरत मंद को मुफ्त देने का कार्य किया। प्रेस वार्ता के बाद नगर पालिका सभागार में प्रोफेशल मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता पूर्व मुख्य मंत्री तीरथ सिंह रावत रहे साथ ही भाजपा जिला कार्यलय में सरकार के 11 वर्षों की योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका निरीक्षण राज्य मंत्री भुवन विक्रम डबराल ने किया।

## सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की अस्पताल में मौत

**चमोली।** माणा गांव के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला। जिसे यातायात पुलिस बदरीनाथ ने सरकारी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। माणा गांव गेट के पास यातायात ड्यूटी पर तैनात अपर उपनिरीक्षक यातायात नरेंद्र कुमार को राहगीरों से सूचना मिली कि कुछ दूरी पर सड़क किनारे एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा है। सूचना मिलते ही अउनि नरेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

बेहोशी की हालत में पड़े व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्होंने एम्बुलेंस का इन्तजार न करते हुए तत्काल उक्त व्यक्ति को सहकर्मियों के साथ मिलकर सरकारी इंटरसेप्टर वाहन से नजदीकी गढ़वाल स्काउट के एमआई रूम अस्पताल में पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने व्यक्ति का इलाज शुरू किया, लेकिन काफी प्रयासों के बाद व्यक्ति की जान नहीं बच सकी।

## एनडीआरएफ और आईटीबीपी ने नदी के बीच फंसी गाय को किया सकुशल रेस्क्यू

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** गुरुवार को पीपलकोटी में अलकनंदा नदी के बीच बने टापू पर फंसी एक गाय को एनडीआरएफ और आईटीबीपी की टीम ने सकुशल रेस्क्यू कर लिया है। यहां एनडीआरएफ और आईटीबीपी की रेस्क्यू टीम की ओर से घंटों की मशक्कत के बाद गाय को सुरक्षित निकाला गया।

आपदा प्रबंधन अधिकारी नंद किशोर जोशी ने बताया कि मंगलवार को आपदा कंट्रोल रूम को पीपलकोटी में टीएचडीसी के निकट अलकनन्दा नदी के बीच बने टापू पर एक गाय फंसी होने की सूचना मिली। बताया गया कि नदी का जल स्तर अधिक होने के चलते गाय सुरक्षित तट पर नहीं पहुंच पा रही है। जिस पर तत्काल यहां डीडीआरएफ, स्थानीय पुलिस, टीएचडीसी, एचसीसी एंव सीआईएसएफ की टीमों को गाय को रेस्क्यू करने के लिए भेजा गया। लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी गाय को नहीं निकाला जा सका। जिस पर बुधवार को गाय को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए एनडीआरएफ गौचर व प्रथम वाहिनी आईटीबीपी ज्योतिर्मठ से अनुरोध किया गया। लेकिन दूसरे दिन भी नदी का बहाव अत्याधिक होने के चलते गाय को रेस्क्यू नहीं किया जा सका। जबकि गुरुवार को आईटीबीपी ज्योतिर्मठ, स्थानीय पुलिस, टीएचडीसी, एचसीसी, सीआईएसएफ की ओर से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। जिसके बाद आईटीबीपी की टीम के विशेष प्रयास से गाय को सकुशल रेस्क्यू कर लिया गया है।

## अवैध खनन कार्य में लगी जेसीबी सीज उपरान्त अर्थदण्ड

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिले में अवैध खनन पर लगातार कार्यवाही गतिमान है। गुरुवार को तहसील धारी के ग्राम सुन्दरखाल में जेसीबी से अवैध उत्खनन की सूचना एवं शिकायत प्राप्त होने पर उपजिलाधिकारी धारी के एन गोस्वामी द्वारा तहसीलदार धारी को तत्काल औचक निरीक्षण कर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के अनुपालन में तहसीलदार धारी द्वारा जेसीबी को सीज करते हुए जेसीबी मालिक मुहम्मद नाजिम निवासी वार्ड न० 6, ब्लॉक रोड भीमताल जिनके द्वारा बिना अनुमति ग्राम सुन्दरखाल के तोक श्रीचंद टापू, तहसील धारी में सुधा गर्न पत्नी अनिल गर्ग निवासी गाजियाबाद उ०प्र० की क्रयशुदा नाप भूमि में अवैध उत्खनन कर भू कटान होना पाया गया। जे०सी०बी० मशीन




की बरामदगी कर सीजर उपरांत थानाध्यक्ष मुक्तेश्वर को विधिवत् सुपुर्दगी करायी जा रही है।

इस सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी धारी के एन गोस्वामी ने अवगत कराया कि उक्त भू स्वामी एवं जेसीबी वाहन स्वामी द्वारा बिना अनुमति जेसीबी मशीन उत्खनन कार्य ६ समतलीकरण हेतु प्रयोग में लायी जा रही थी। उत्तराखण्ड खनिज (अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण का निवारण) नियमावली 2024 के नियम 14 के उप नियम 2 के कमांक 7 में बिना अनुमति जे०सी०बी० मशीन प्रयोग करने की दशा में रू० 2,00,000.00 (दो लाख रूपये) का अर्थदण्ड आरोपित किये जाने का प्रावधान निहित है उक्त के क्रम में बिना अनुमति जेसीबी मशीन प्रयोग करने के एवज में उक्त दोषियों पर दो लाख रूपये के अर्थदण्ड आरोपण की संस्तुति जिलाधिकारी को की गई है।

## श्री बदरीनाथ धाम माणा में तीन दिवसीय श्री घंटाकर्ण जैठपुजै, मंदिर के कपाट 15 जून को खुलेंगे

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** श्री बदरीविशाल के क्षेत्र रक्षक भगवान श्री घंटाकर्ण महावीर भूम्याल मंदिर के कपाट 15 जून को आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष चतुर्थी पूर्वाह्न समय शुभ मुहूर्त में खुलेंगे। इसी के साथ ही माणा में श्री घंटाकर्ण महावीर की तीन दिवसीय जैठ पुजै भी शुरू हो जायेगी।

देश के पहले सीमांत गांव माणा के ग्राम पंचायत प्रधान पीताम्बर मोल्फा ने यह जानकारी दी। कहा कि बड़ी संख्या में प्रवासी श्रद्धालु भी तीन दिवसीय जैठ पुजे हेतु श्री बदरीनाथ धाम माणा गांव पहुंचने



लगे है। वहीं श्री घंटाकर्ण पूजा समिति ने जैठ पुजे की तैयारियां तेज कर दी है। पूजा समिति अध्यक्ष जगदीश रावत ने बताया कि श्री घंटाकर्ण जैठ पुजे का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गुमान सिंह बड़वाल,सरपंच रघुवीर सिंह परमार, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह बड़वाल मौजूद रहे।

श्री घण्टाकर्ण पूजन कार्यक्रम के तहत रविवार 15 जून 2025 श्री घण्टाकर्ण कपाटोद्घाटन 9रू00 बजे प्रातः। विशाल भण्डारा 12रू00 से 3रू00 बजे सायं । मोहन सिंह मोल्फा एवं देवपश्वाओं द्वारा दौड्या पूजा, 4रू00 बजे से 6रू00 बजे सायं। संध्या भजन, 7रू00 बजे सायं तक आयोजित होंगे। सोमवार 16 जून बच्चों की खेल–कूद प्रतियोगिता 9रू00 बजे। प्रातः से ग्रामवासियों द्वारा तोक अनुसार सॉंस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगात्मक सॉंस्कृत्तिक कार्यक्रम 1रू00 बजे दोपहर से। मुख्य अतिथि का आगमन एवं सम्बोधन 2रू00 बजे अपराह्न। मुख्य अतिथि हयात सिंह परमार से०नि० अध्यापक रहेंगे।

मंगलवार 17 जून को समापन अवसर पर ग्रामीण खेल–कूद प्रतियोगिता, 9रू00 बजे प्रातः सॉंस्कृत्तिक कार्यक्रम , 2रू00 बजे दोपहर, मुख्य आकर्षण उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध लोकगायक दरवान नैथवाल के गीतों की प्रस्तुति पेश की जायेगी।

मुख्य अतिथि के रूप में बद्रीनाथ विधायक लखपत सिंह बुटोला 3रू00 बजे पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन करेंगे।

13 June 2025_Copy of Layout 1 6/13/2025 6:35 PM Page 7



# 30 दिन में इसी सत्र से प्रारंभ होगा केंद्रीय विद्यालय कोटद्वारः विस ऋतु खण्डूड़ी भूषण

**कोटद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कोटद्वार क्षेत्रवासियों के लिए आज एक ऐतिहासिक एवं अत्यंत हर्ष का दिन रहा, जब वर्षों से प्रतीक्षित केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति की घोषणा उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण द्वारा की गई।

इस अवसर पर उन्होंने समस्त कोटद्वार और भाबर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि"कोटद्वार वासियों का केंद्रीय विद्यालय का सपना आज साकार हुआ है। यह केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि क्षेत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।" विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कोटद्वार की पहचान हमेशा से अग्रणी रही है, और केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से यहां के साथ–साथ आसपास के क्षेत्रों के बच्चों को भी राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि "विगत तीन वर्षों से मैं इस विद्यालय की स्वीकृति के लिए लगातार प्रयासरत रही। शासन स्तर पर फाइल स्वीकृति की प्रक्रिया में थी, जिसमें अब सफलता प्राप्त हुई है। यह सौगात केवल मेरा नहीं, कोटद्वारवासियों के सामूहिक प्रयासों एवं आशीर्वाद का परिणाम है। पूर्व में भी कई जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों द्वारा इसके लिए कार्य किया गया है, मैं उन सभी का सम्मान करती हूं।" केंद्रीय विद्यालय की स्थापना मगनपुर, किशनपुर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के भवन में की जाएगी। भूमि का निःशुल्क हस्तांतरण पहले ही सुनिश्चित किया जा चुका है। विद्यालय में प्रारंभिक रूप से कक्षा 1 से 5 तक की प्रवेश प्रक्रिया आगामी 30 दिनों के भीतर पूर्ण कर, इसी शैक्षणिक सत्र से संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, तथा केंद्रीय विद्यालय संगठन से जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का हृदय से आभार व धन्यवाद प्रकट किया। उन्होंने इसे कोटद्वार की आने वाली पीढ़ियों के लिए एक ऐतिहासिक उपहार बताया और सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे इस पहल में सहयोग दें ताकि यह विद्यालय आने वाले समय में एक उत्कृष्ट शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित हो सके।



कार्यक्रम के दौरान स्पीकर ऋतु खण्डूड़ी भूषण।

## तनाएरा पहली बार साड़ियों पर लेकर आई 40 फीसदी छूट

**देहरादून।** टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा ने वित्तीय वर्ष 25 में 30 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की और वित्तीय वर्ष 26 में भी शानदार शुरूआत की है। अपने उपभोक्ताओं को शादी–ब्याह की खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करते हुए तनाएरा विकास के इन रूझानों को लगातार जारी रखे हुए है। इसी क्रम में ब्राण्ड देश भर में अपनी पहली सेल लेकर आई है, जिसके तहत शुद्ध एवं प्राकृतिक फैब्रिक से बने परिधानों की सभी कैटेगरीज़– साड़ियों, रैडी–टू–वियर एन्सेम्बल्स, अनस्टिच्ड कुर्ता सेट और फेस्टिव लहंगा पर 40 फीसदी तक की छूट की घोषणा की गई है। देश के 41 शहरों में 80 स्टोर्स के नेटवर्क के साथ तनाएरा ने उपभोक्ताओं के पसंदीदा एथनिक वियर डेस्टिनेशन के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत बना लिया है। इस अवसर पर सोमप्रभ कुमार सिंह, चीफ़ सेल्स एण्ड मार्केटिंग ऑफिसर ने कहा, हम पहली बार इतनी व्यापक रेंज पर छूट के ऑफर लेकर आए हैं, जहां हमारे प्रोडक्ट्स 40 फीसदी तक के डिस्काउन्ट पर उपलब्ध हैं।

# मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियां ऐतिहासिक : कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी

**रुद्रपुर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने रुद्रपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की दिशा में ऐतिहासिक यात्रा बताया।

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए हैं। यह सिर्फ मोदी की सरकार नहीं बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम, सपनों और संघर्ष की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि यह कालखंड भारत के भविष्य की मजबूत नींव रखता है। उन्होंने कहा कि शासन अब सेवा का माध्यम बन गया है, सरकार अब सहभागी बन चुकी है और सुशासन अब भारत की संस्कृति बन रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में भी बड़े बदलाव आए हैं।

सरकार ने कृषि बजट को बढ़ाने का काम किया है जिससे किसानों को सीधा लाभ मिला है।उन्होंने कहा जितनी भी योजनाएं बनाई गई है वह गरीबों के केंद्रित कर के बनाई गई है।

कृषि मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले लोगों की सोच थी कि ये नहीं हो सकता, लेकिन अब सोच है ये होगा और जरूर होगा, क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है। उन्होंने कहा कि पहले योजनाओं का लाभ बिचौलियों तक सिमट जाता था, जबकि अब डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से लाभार्थियों को सीधे पैसा मिल रहा है।

# उत्तराखंड जल विद्युत निगम की 126वीं बोर्ड बैठक आयोजित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में उत्तराखंड जल विद्युत निगम की 126वीं बोर्ड बैठक हुई। जिसमें महत्वपूर्ण परियोजनाओं और संस्थान के कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए संस्थान के पावर हाउस का 5212 मिलियन यूनिट का जनरेशन टारगेट फिक्स किया गया।

सिरकारी भयोल–रूपसिया बगड़ परियोजना हेतु सिविल पैकेज को हाइड्रो पैकेज के साथ शामिल करने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग में रिव्यू पिटीशन फाइल किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। मद्महेश्वर परियोजना को पूरा करने की अवधि में विस्तार किया गया। निगम के वित्त वर्ष 2025–26 हेतु बजट का अनुमोदन प्रदान किया गया। बोर्ड बैठक में 100 करोड़ के ऊपर के निविदा डॉक्यूमेंट के लिए भी 20 से 100 करोड़ के निविदा प्रपत्र का ही उपयोग करने का अनुमोदन प्रदान किया गया। निगम के 30 जून अथवा 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले कार्मिकों के लिए लिए शासन के अनुरूप नेशनल इंक्रीमेंट का लाभ प्रदान करने तथा शासन द्वारा निर्गत की गई प्रोमोशन के शिथिलीकरण नियमावली को भी अंगीकार किया गया। बैठक में इंडिपेंडेंट निदेशक इंदु कुमार पांडेय, पराग गुप्ता व सी एम वासुदेव, प्रमुख सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव वित्त दिलीप जावलकर, अपर सचिव ऊर्जा रंजना राजगुरु, एमडी यूजेवीएनएल संदीप सिंघल सहित संबंधित सदस्य उपस्थित थे।



बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य सचिव।

# जनता को धामी सरकार पर भरोसा, कांग्रेस राज मे सुनवाई तो दूर, अपराधियों को मिला सरंक्षण

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा ने महिला अपराधों पर कठोर कार्रवाई के बावजूद कांग्रेस के आरोपों को विशुद्ध रूप से राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज से जनता भली भाँति वाकिफ है, क्योंकि तब सुनवाई तो दूर अपराधियों को सरकारी सरंक्षण मिलता था।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि भाजपा सरकार में तत्काल निष्पक्ष कार्यवाही होती हैं, लेकिन कांग्रेस सरकारों में दोषियों को बचाया जाता था। कांग्रेसी दुष्प्रचार के बावजूद, महिला सशक्तिकरण या महिला सुरक्षा पर प्रदेश की जनता को धामी सरकार पर पूर्ण विश्वास है।

### महिला अपराधों पर कांग्रेस कर रही राजनीतिः आशा नौटियाल

आशा नौटियाल ने कांग्रेसी बयानबाजियों को लेकर जवाब देते हुए कहा कि मुद्दाविहीन पार्टियां हमेशा नकारात्मक राजनीति करती हैं। प्रदेश की जनता भी गवाह है कि धामी सरकार अपराध, विशेषकर महिला अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करती है। क्योंकि अब तक जितने भी मामले या प्रकरण मातृ शक्ति पर अत्याचार के आए उनमे अविलंब निष्पक्ष और कठोर कानूनी कार्रवाई की गई है। वर्तमान हरिद्वार की दुर्भाग्यपूर्ण घटना जैसे ही संज्ञान में आई तो बिना किसी भेदभाव के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। ऐसे तमाम प्रकरणों को लेकर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी एवं प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट का रुख भी स्पष्ट है जिसमे अपना हो या पराया, कमजोर हो या ताकतवर कानून सबके खिलाफ मजबूती से पेश आयेगा। एक और जहां पुलिस प्रशासन पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्रवाई कर रही है, वहीं पार्टी ने भी तत्काल आरोपी को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया है। उन्होंने इस मुद्दे पर राजनैतिक लाभ लेने के उद्देश्य से कांग्रेस नेताओं की बयानबाजियों को दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक बताया है।

उन्होंने कहा कि ठीक ऐसा ही रवैया कांग्रेस ने अंकिता हत्याकांड को लेकर भी अपनाया था। झूठ और भ्रम फैलाकर पीड़ित परिजनों के अपमान और राज्य की छवि खराब करने की इन कोशिशों को जनता ने पूरी तरह नकार दिया था। उन्होंने कांग्रेस को स्मरण कराया कि अपनी सरकारों में कांग्रेस ने हमेशा महिला अपराध के आरोपियों को बचाने का काम किया था। राज्य में उनके मंत्रियों, दायित्वधारियों को पदों में रहते महिला उत्पीड़न को लेकर गंभीर आरोप लगे, लेकिन उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लेना तो दूर पार्टी से भी नहीं निकाला गया था।

हल्द्वानी के पिंकी हत्याकांड में मुकदमा दर्ज करने के लिए तो समूचे प्रदेश को सड़क पर उतरना पड़ा था। दिल्ली राजधानी क्षेत्र का तंदूर कांड, राजस्थान का भंवरी देवी हत्याकांड एवं कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल, झारखंड सरकार में महिला अपराधों की बाढ़ को देखते हुए, कांग्रेस पार्टी को तो वैसे ही महिला अपराध पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

# सिंधी समाज के पंचायतों ने शंकराचार्य के गौरक्षा आंदोलन के लिए स्वयं को किया समर्पित

**वाराणसी।** परमाराध्य परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीरू अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा गौमाता के प्राणों के रक्षा हेतु व उनको राष्ट्रमाता घोषित कराने हेतु चलाए जा रहे गौमाता राष्ट्रमाता प्रतिष्ठा आंदोलन हेतु सिंधी समाज के पंचायतों ने सिंधी समाज के सुविख्यात धर्मगुरु साईं जलकुमार मसंद साहिब के नेतृत्व में स्वयं को समर्पित कर दिया।



इस बाबत सिंधी समाज के धर्मगुरु साईं जलकुमार मसंद साहिब ने केदारघाट में स्थित श्रीविद्यामठ में उद्घोषणा की जिस दौरान सिंधी समाज के पंचायतों के विभिन्न धर्मगुरु व मुखिया उपस्थित थे।कार्यक्रम में उपस्थित सिंधी समाज के समस्त लोगों ने साथ ही देश विदेश में रह रहे समस्त सिंधी समाज के लोगों को शंकराचार्य जी के गौरक्षा अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया।

श्रीविद्यामठ में आहूत सिंधी समाज के इस आयोजन के दौरान उपस्थित सिंधी समाज के लोगों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य जी महाराज ने कहा कि आज हमलोग गौमाता के प्रतिष्ठा के संदर्भ में चिंतन कर रहे हैं।जिस प्रकार प्राणप्रतिष्ठा के पूर्व व पश्चात किसी मन्दिर में उल्लेखनीय अंतर आ जाता है ठीक उसी प्रकार गौमाता को राष्ट्रमाता के रूप में प्रतिष्ठित कराने के बाद उनके स्थिति में अंतर आ जाएगा।

अलग अलग मंदिरों में अलग अलग देवी देवताओं के विग्रह प्रतिष्ठित हैं लेकिन किसी भी मंदिर में 33 कोटि देवी देवता प्रतिष्ठित नही हैं।लेकिन हमारे पूर्वजों ने गौमाता में 33 कोटि देवी देवताओं की प्रतिष्ठा की।इसलिए आज भी हमारे घरों में पहली रोटी गाय को समर्पित कर यह माना जाता है कि 33 कोटि देवी देवताओं को भोग लग गया। हमें देशी नस्ल के गायों की पहचान कर अपनी आने वाली पीढ़ियों हेतु उनकी रक्षा करनी होगी। आयोजन की अध्यक्षता करते हुए सिंधी समाज के धर्मगुरु साईं जलकुमार मसंद साहिब ने कहा कि हमारा पीठ 400 वर्ष से सिंधी समाज का कुलगुरु है और हम जब शंकराचार्य जी महाराज को और उनके द्वारा किए जा रहे धर्मकार्यों को देखते हैं तो प्रत्यक्ष अनुभव होता है कि ईश्वर ने शंकराचार्य जी महाराज को अपने प्रतिनिधि के रूप में हम सबके मध्य भेजा है और महाराज जी द्वारा धर्म रक्षा हेतु अनेक कार्यों के साथ गौमाता के प्राणों की रक्षा हेतु चलाए जा रहे आंदोलन से यह बात सिद्ध भी हो जाती है और आज संकल्पपूर्वक हम समस्त सिंधी समाज के लोग शंकराचार्य जी के गौरक्षा आंदोलन प्रति स्वयं समर्पित कर रहे हैं और आजीवन शंकराचार्य जी के समस्त धर्मकार्यों में बढ़चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान परमधर्माधीश शंकराचार्य जी महाराज ने सिंधी धर्मगुरु साईं जलकुमार मसंद साहिब द्वारा रचित गौ प्रतिष्ठा अभियान नामक पुस्तिका का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अनिरुद्ध मिश्रा ने वैदिक मंगलाचरण और कृष्ण कुमार द्विवेदी ने पौराणिक मंगलाचरण का वाचन किया। श्रीप्रकाश पाण्डेय जी ने ष्नैया फंसी भंवर में सूझे नही किनारा गुरुवर तेरा सहाराष्भजन सुनकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों का स्वागत व आभार अभिभाषण शंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी संजय पाण्डेय ने किया।

# भाजपा केवल जनता को धर्म के नाम पर बरगला रही: रेहना परवीन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कांग्रेस की वरिष्ठ कार्यकर्ता रेहाना परवीन द्वारा आज शांति विहार कारगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी सहित अनेक कांग्रेस नेताओं ने प्रतिभाग किया।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि आज देश एवं प्रदेश में जिस प्रकार के हालात चल रहे हैं तथा आम जनता को धर्म एवं जाति के नाम पर लड़ाया जा रहा है यह स्थिति आने वाले समय उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं, बेरोजगारों, अल्पसंख्यकों, गरीबों और किसानों पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। राज्य में रोज बलात्कार की जघन्य घटनायें घटित हो रही हैं परन्तु राज्य सरकार और भाजपा का महिला मोर्चा मूक दर्शक बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सभी धर्म, जाति वर्ग के लोगों के विकास की सोच है भाजपा केवल जनता को धर्म के नाम पर बरगला रही है परन्तु अब राज्य एवं देश की जनता भाजपा की इस कुनीति को पूरी तरह समझ चुकी है तथा आने वाले समय में उसे सत्ता से उखाड़ने का मन बना चुकी है। प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं तथा आम जनता की लड़ाई सड़कों पर उतर कर लड़ रहे हैं।

## जिला पंचायत के स्थानों और पदों के आरक्षण निर्धारण हेतु समय सारिणी प्रस्तारित हुई

**चमोली।** ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के स्थानों और पदों के आरक्षण निर्धारण हेतु समय सारणी प्रसारित की गयी है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि पंचायती राज अनुभाग देहरादून के शासनादेशों के क्रम में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के स्थानों और पदों के आरक्षण निर्धारण हेतु समय सारणी प्रसारित की गयी है। समय सारणी के अनुसार पंचायती राज विभाग द्वारा 11 जून तक प्रधान पदों की संख्या का विवरण उपलब्ध कराना और 13 जून को आरक्षण प्रस्तावों का अनन्तिम प्रकाशन, 14 व 15 जून को आरक्षण प्रस्तावों पर आपत्तियां प्राप्त की जाएगी।

# टिहरी-घनसाली में यात्रियों की बस पलटने से कई घायल

**टिहरी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** टिहरी–घनसाली मोटर मार्ग पर प्राइवेट बस के पलटने से उसमें सवार यात्री घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में करीब 32 लोग सवार थे।

जानकारी के अनुसार टिहरी–घनसाली मोटर मार्ग पर टिपरी से करीब 1.5 किमी आगे डबा खाले नाम तोके के पास हुआ। तेज रफ्तार बस अचानक से पलटी तो यात्रियों में चीख–पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। बताया जा रहा है कि बस में करीब 32 लोग सवार थे। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें 108 एंबुलेंस सेवा की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नंदगांव भेजा गया है। इसके अलावा 15 लोगों को हल्की चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि बस उत्तरकाशी से केदारनाथ जा रही थी। सभी यात्री गुजरात के बताए जा रहे हैं। एसपी टिहरी जे आर जोशी का कहना है कि दो लोग ही थोड़े घायल हुए हैं, बाकी सभी लोग ठीक हैं।

## खाई में गिरने से दोनों की मौत

**देहरादून।** बदरीनाथ हाईवे पर बुधवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। बदरीनाथ के दर्शन कर लौट रहे हरियाणा के दो युवकों की बाइक पर बोल्डर गिर गया। इस दौरान दोनों युवक खाई में गिर गए और दोनों की जान चली गई। घटना शाम करीब छह बजे की है। दोनों युवक सचिन कुमार (30) पुत्र सोमप्रकाश ग्राम संदली थाना जटलाना जिला यमुनानगर हरियाणा और रवि कुमार (26) पुत्र कवरपाल कस्बा व थाना जटलाना जिला यमुनानगर हरियाणा की बाइक पर टैया पुल पास अचानक पत्थर गिर गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को बाइक हाईवे पर गिरी मिली। वहीं युवक खाई में गिरे हुए थे।

## न्यूज डायरी

### युवा अब डिजिटल उत्तराखंड के सपनों को कर रहे साकार



**देहरादून।** उत्तराखंड में स्टार्टअप्स और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम के अंतर्गत देहरादून के आईटी पार्क में निर्मित विंडस्ट्रीम टीवी एप्लिकेशन का लांच आज देहरादून के प्रेस क्लब में किया गया। विंडस्ट्रीम के संस्थापक विशाल कौशिक ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हम धामी सरकार के डिजिटल उत्तराखंड के सपनों को साकार कर रहे हैं। विंडस्ट्रीम टीवी उत्तराखंड के युवाओं द्वारा निर्मित एक एप्लीकेशन है जिसके माध्यम से हम उत्तराखंड के संस्कृतियों एवं परंपराओं को डिजिटल फॉर्म में देख–सुन सकते हैं।

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर सांसद अजय भट्ट ने जताया गहरा शोक, पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की

**हल्द्वानी।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस भीषण दुर्घटना पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल–उधम सिंह नगर से लोकसभा सांसद अजय भट्ट ने गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जताई है। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि "अहमदाबाद में हुआ यह विमान हादसा अत्यंत पीड़ादायक और दुर्भाग्यपूर्ण है। इस दुखद घड़ी में मैं शोकसंतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता हूं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति और उनके परिजनों को यह आघात सहने की शक्ति प्रदान करें।" अजय भट्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार लगातार रेस्क्यू अभियान चला रही है और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता और राहत उपलब्ध करने का पूरा प्रयास कर रही है।

## पेज 01 का शेष...

पेज 01 का शेष...

### मुख्यमंत्री धामी ने किया जोशीमठ और गुप्तकाशी में एक्सिस बैंक की शाखाओं का वर्चुअल उद्घाटन

ये विस्तार समावेशी विकास को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। ये विस्तार राज्य में एक्सिस बैंक को एक विश्वसनीय बैंकिंग पार्टनर के रूप में स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करता है। असाधारण बैंकिंग सर्विस देने के लिए हमारा समर्पण न सिर्फ भक्तों के अनुभवों को बढ़ाएगा बल्कि स्थानीय समुदायों के लिए आर्थिक विकास और वित्तीय स्थिरता के मौके भी पैदा करेगा।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19